कनिष्ठ अभियंता प्रशिक्षु (Jr. Engineer Trainee) पद की भर्ती के लिए आवेदन फार्म भरते समय अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न

1. **मैंने बी.टेक या बीएससी (आईटी) किया है । क्या मैं कनिष्ठ अभियंता प्रशिक्षु के लिए आवेदन कर सकता हूं ?**

उत्तर : केवल ऐसे बी.टेक अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं जिन्होंने विज्ञापन में दिए गए क्षेत्र में डिप्लोमा किया है ।

2. **मैंने डिप्लोमा में 64.9% अंक प्राप्त किए हैं और मैं सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी का हूं । क्या मैं आवेदन कर सकता हूं ?**

उत्तर : इंजीनियरिंग डिप्लोमा में न्यूनतम 65% अंक होने चाहिए । इसलिए आप आवेदन करने के पात्र नहीं हैं । इसमें पूर्णांकित करने की अनुमति नहीं है ।

3. **मैं उत्तराखंड/उ.प्र. से बाहर के राज्य का हूं ? क्या मैं आवेदन कर सकता हूं ?**

उत्तर : नहीं। केवल उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के मूल निवासी ही आवेदन करने के पात्र हैं ।

4. **मैंने यूपीआई का प्रयोग करते हुए आवेदन शुल्क का भुगतान किया है लेकिन वेबसाइट पर अभी यह दिखाई नहीं दे रहा है और मैं ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए आगे की प्रक्रिया में प्रवेश नहीं कर पा रहा हूं । मुझे क्या करना चाहिए?**

उत्तर : ऐसा कभी-कभी नेटवर्क के कारण होता है जो अस्थाई समस्या है लेकिन अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बेंकिंग जैसे साधनों से भुगतान करें क्योंकि कुछ बैंकों के यूपीआई के भुगतान काफी हद तक असफल हो जाते हैं । इस विषय में आप thdcrecruitment@thdc.co.in पर स्क्रीनशॉट समेत ईमेल कर दें |

5. **मैंने दस्तावेज अपलोड किए हैं लेकिन वेबसाइट/ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र इन्हें ठीक से नहीं दिखा रहा है । मुझे क्या करना चाहिए ?**

उत्तर : कृपया नीचे दिए गए *re-upload* बटन पर क्लिक करें एवं सभी दस्तावेजों को पुन: अपलोड करें ।

6. **रोजगार पंजीकरण सं. क्या होती है और क्या यह होना आवश्यक है?**

उत्तर : हाँ आपके पास यह नंबर होना चाहिए आवेदन करने के लिए| रोजगार कार्यालय में पंजीकरण करवाने पे जो पंजीकरण संख्या दी जाती है |

7. **मैंने शुरूआती सूचना भर दी है लेकिन मुझे यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है । मुझे क्या करना चाहिए ?**

उत्तर : ई-मेल/एसएमएस 05 मिनट के भीतर भेज दिया जाता है। आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर में एसएमएस में देरी हो सकती है । हालांकि, यदि आपको 05 मिनट के भीतर ई-मेल प्राप्त नहीं होती है तो कृपया *forget password* पर क्लिक करें, आपको पुन: पासवर्ड प्राप्त हो जाएगा । आपकी यूजर आईडी आपकी पंजीकृत ई-मेल एड्रेस होगी ।

किन्तु अगर फिर भी आपकी ईमेल आईडीई पर अगर मेल नहीं अत तो इसका मतलब आपने अपना ईमेल आईडीई गलत पंजीकृत किया है|

8. **यदि किसी कारण से मेरी अभ्यर्थिता निरस्त हो जाती है तो क्या टीएचडीसीआईएल पंजीकरण शुल्क वापस करेगी ?**

या

मैं पद के लिए अर्हता नहीं रखता हूं और फिर भी मैंने आवेदन कर दिया है तथा शुल्क का भुगतान कर दिया है तो क्या मुझे शुल्क वापस होगा ?

उत्तर : पंजीकरण शुल्क अप्रतिदेय है । एप्लीकेशन फॉर्म में स्पष्ट इसका उल्लेख किया गया है|

9. **ऑनलाइन आवेदन करते समय कौन-कौन से दस्तावेज अपलोड करने हैं ?**

उत्तर : अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों के विवरण के लिए कृपया पूरे विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें।

10. **मैं अपने अंतिम वर्ष/सेमिस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित हुआ हूं और शीघ्र ही परिणामों की घोषणा होने वाली है । क्या मैं आवेदन करने का पात्र हूं ?**

उत्तर : अभ्यर्थी ने 28.02.2021 (ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि) को अपना डिप्लोमा (पूर्णकालिक) उत्तीर्ण कर लिया होना चाहिए ।

11. मेरे डिप्लोमा कोर्स में अंको के प्रतिशत के स्थान पर सीजीपीए/जीपीए/एसजीपीए या इनके बाद के ग्रेड दिए गए हैं क्या मैं आवेदन में ग्रेड भर सकता हूं?

उत्तर : ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें सीजीपीए/जीपीए/एसजीपीए या इनके बाद के ग्रेड दिए गए हैं उन्हें इन ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तित करना होगा और आवेदन में अंकों का समतुल्य प्रतिशत भरना होगा। आवेदन पत्र के साथ परिवर्तन का फार्मूला भी भेजना होगा ।

12. मैं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग श्रेणी का अभ्यर्थी हूं परंतु मेरे पास जाति प्रमाणपत्र नहीं है । क्या मैं सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में आवेदन कर सकता हूं ?

उत्तर : यदि आप ऐसा करने के इच्छुक हैं, तो आप सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी (यदि सामान्य श्रेणी के पात्र हैं) के रूप में आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए आपको अपनी श्रेणी सामान्य देनी होगी । ऐसे मामले में आपकी अभ्यर्थिता पर सामान्य श्रेणी के रूप में विचार किया जाएगा और इसके बाद श्रेणी में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ।

13 . क्या लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए मुझे यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा ?

उत्तर : नहीं । लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

14 . मेरे पास उत्तराखण्ड/ उत्तर प्रदेश का सेवायोजन पंजीकरण नहीं है। क्या मैं आवेदन कर सकता हूं ?

उत्तर : उत्तराखण्ड /उत्तर प्रदेश में सेवायोजन पंजीकरण अनिवार्य है इसलिए आप पात्रता नहीं रखते हैं।

15 . मेरे उत्तराखण्ड/ उत्तर प्रदेश के सेवायोजन पंजीकरण की अवधि समाप्त हो गई। क्या मैं आवेदन करने का पात्र हूं?

उत्तर : नहीं । कृपया अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र नवीनीकरण कराएं, उसके पश्चात आवेदन करें ।

16. यदि मैंने एक से अधिक प्रदेश से आवेदन कृया है, तो कृया मेरी अभ्यर्थिता पर एक से अधिक प्रदेश के लिए विचार किया जाएगा?

उत्तर : नहीं । एक से अधिक प्रदेश से आवेदन या कई बार आवेदन के मामले में, उसके अंतिम आवेदन पर ही अग्रिम स्क्रीनिंग हेतु विचार किया जाएगा । आपसे एक से अधिक प्रदेश से आवेदन करने से बचने का अनुरोध है।

17 . मैं जिस राज्य से हूँ क्या उसके अलावा दुसरे राज्य की पोस्ट के लिए अप्लाई कर सकता हूँ?
उत्तर : नहीं

18. आवेदन फॉर्म भरते वक़्त मुझसे कुछ त्रुटी हो गयी है| उनका निवारण कैसे किया जा सकता है?
उत्तर : आवेदन फॉर्म जमा करने से पहले आपसे पुछा जाता है की आप अपनी सुचना जांच लें| फिर भी लापरवाही से की गयी त्रुटी के लिए आप thdcrecruitment@thdc.co.in पर अपनी गलत और सही सुचना के साथ ईमेल दाल सकते है| साथ ही आपके पास नया आवेदन फॉर्म भरने का भी विकल्प रहेगा|

नोट: –

1. ***केवल उन्हीं अन्य पिछड़ा वर्ग(एनसीएल) अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा, जिनका ओबीसी(एनसीएल) प्रमाणपत्र केन्द्र सरकार की नौकरी के लिए मान्य हैं ।***
2. ***अन्तिम क्षण की भीड़ से बचने के लिए, अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय पूर्व आवदेन करने की सलाह दी जाती है। टीएचडीसीआईएल आवेदनपत्र को ऑनलाईन जमा करने में नेटवर्क की समस्या/भुगतान विषय या किसी अन्य समस्या के लिए उत्तरदायी नहीं होगी ।***